## बालिकाओं ने तलवारबाजी और कलाबाजी से जीता सबका दिल

- हासिल किया प्रथम स्थान
- अद्भुत कला प्रदर्शन: कोच पूजा चौहान की टीम ने फिर लहराया जीत का परचम

**उज्जैन। सिद्ध योगी श्री श्री 1008 स्वामी सांदीपेन्द्र महाराज के जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच पूजा चौहान की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर उज्जैन का नाम रोशन किया है। टीम की बालिकाओं ने हैरतअंगेज कलाबाजी और तलवारबाजी सहित आत्मरक्षा कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

इस विशेष आयोजन में कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में उतरी टीम की सभी बालिकाओं ने पारंपरिक मराठी साड़ी पहनकर अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसने वहां मौजूद सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**गुरु महाराज ने किया टीम का सम्मान:** उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद 108 गुरु महाराज श्री रामनाथ जी द्वारा कोच पूजा चौहान का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें आशीर्वाद स्वरूप मां बगलामुखी की तस्वीर भेंट की गई। इसके साथ ही टीम की सभी बालिकाओं का हार पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें साड़ी और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

**इनका रहा विशेष योगदान:** टीम की इस सफलता और आयोजन की व्यवस्थाओं में मंजू चतुर्वेदी, सरोज शर्मा, रितिक सोनी, छवि कदम और मंजू जैन का भी सराहनीय योगदान रहा।



### इन खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस शानदार जीत और कला प्रदर्शन में कोच पूजा चौहान के साथ सुहाना प्रजापत, चित्रा चतुर्वेदी, संजना सुनहरे, पीहू सुनहरे, नूपुर सोनी और मोना शर्मा शामिल थीं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 9 की सपना सांखला ने भी टीम के साथ प्रदर्शन में विशेष रूप से भाग लिया।

## बाबा बाल हनुमान मंदिर में प्रकटोत्सव पर महाआरती

**महिदपुर।** कन्हैया सुदामा गौशाला परिसर के प्राचीन श्री चमत्कारी बाबा बाल हनुमान मंदिर में बाबा बाल हनुमान जी महाराज का पावन प्रकट उत्सव इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा।



मंदिर के पुजारी पंडित भरत उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकट उत्सव के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत अभिषेक, पूजन और अर्चन से होगी, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान बाल हनुमान जी का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का भव्य श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें विशेष पुष्प सज्जा और अलंकरण के माध्यम से मंदिर की दिव्यता और भी बढ़ाई जाएगी। दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर बाबा बाल हनुमान जी की आराधना करेंगे। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिससे भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। उत्सव के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण रहेगा, जहां भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालु भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे। आयोजकों ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन अवसर का लाभ लेने का आग्रह किया है। इस प्रकार कन्हैया सुदामा गौशाला स्थित यह प्राचीन मंदिर एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास का केंद्र बनेगा, जहां बाबा बाल हनुमान जी महाराज के प्रकट उत्सव को यादगार बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है।


## एक नजर में

### हनुमान जन्मोत्सव पर हुए धार्मिक आयोजन

**घट्टिया।** हनुमान जन्मोत्सव जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में श्रध्दा व आस्था के साथ मनाया गया। गुरुवार अल सुबह श्री चैतन्य हनुमान मंदिर, चारधाम मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आरती कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रतिमा का श्रृंगार पं. राजेश शर्मा ने किया। श्मशान के समीप श्री आनंद मूर्ति हनुमान मंदिर व खेड़ाखजूरिया मार्ग पर स्थित बाल हनुमान मंदिर पर धार्मिक आयोजन हुए। समीपस्थ ग्राम खुरचनिया प्रताप के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रति वर्षानुसार धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारे के आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। श्री चैतन्य हनुमान भक्त मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर गांव में शोभायात्रा निकाली व प्रसाद वितरण किया।




### हनुमान प्रकटोत्सव पर बालाजी का आकर्षक श्रृंगार



**घट्टिया।** हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर गुरुवार को पुलिस थाना परिसर स्थित हाटकेश्वर मंदिर में श्री संकट मोचन हनुमानजी महाराज का गुरुवार को पूजन अभिषेक कर आकर्षक चोला श्रृंगार कर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ राम हनुमान मंदिर पर भी बालाजी का आकर्षक चोला श्रृंगार कर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### पानी बचाने के नारे दीवारों पर लिखे...

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरुप जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का योजनबद्ध तरिके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए आम जन की भागीदारी और जन जागरुकता के लिए भी कार्यक्रम आयेजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया के आदर्श ग्राम उज्जैनिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्रामीणों में जल संरक्षण का संदेश देने के लिए दीवार लेखन कार्य किया गया।




### चेकडेम ने पूरे क्षेत्र की जल व्यवस्था को किया सुदृढ़

**उज्जैन।** महिदपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आक्याजस्सा में जन सहयोग से बने एक चेकडेम ने गांव के जल संरक्षण और किसानों की आय में एक नए अध्याय की शुरुआत की है। वर्ष 2024 में मनरेगा के तहत स्वीकृत राशि 8.65 लाख रुपये में निर्मित यह चेकडेम आक्याजस्सा के नरवर सिंह के खेत के पास बनाया गया है। चेकडेम की जल भराव क्षमता 9200 घन मीटर है। निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने भरपूर जन सहयोग दिया, जिससे यह चेकडेम बेहद मजबूत और प्रभावी बना। चेकडेम के निर्माण से आसपास के 50 किसानों को सिंचाई की सुविधा मिली है। रबी सीजन में गेहूं की फसल लगाने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। भूजल स्तर में सुधार आया और आसपास के लगभग 10 कूपों (नलकूपों) के जलस्तर में वृद्धि हुई है। गर्मियों में जो कूप पहले सूख जाते थे, अब उनमें 12 महीने पानी भरा रहता है। इस एक छोटे से चेकडेम ने पूरे इलाके की जल व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। जहां पहले पानी की कमी से किसान परेशान रहते थे, वहीं अब सिंचाई के लिए जल की कोई कमी नहीं है।



### जनपद पंचायत महिदपुर में चेक डेम से बढ़ेगी 50 से ज्यादा गांवों की सिंचाई क्षमता...

**उज्जैन।** जनपद पंचायत महिदपुर की ग्राम पंचायत मुंडला सोंधिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग (जिला स्तर) के अंतर्गत स्वीकृत 5.00 लाख रुपये की लागत से चेकडेम निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस चेकडेम की जल भराव क्षमता 9000 क्यूबिक मीटर है। यह चेकडेम नारायण सिंह के खेत के पास बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि चेकडेम के निर्माण से आसपास के 50 से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा में सीधा फायदा मिलेगा। भूजल स्तर में वृद्धि होगी। गांव में मौजूद लगभग 10 कूपों (कुओं) के जलस्तर में सुधार आएगा। गर्मियों में जो कूप सूख जाते थे, उनमें अब 12 महीने पानी रहने की संभावना बढ़ गई है। इस छोटे से लेकिन प्रभावी जल संरचना ने पूरे क्षेत्र में जल सुरक्षा की नई उम्मीद जगाई है। किसान अब सूखे के मौसम में भी अपनी फसलों की सिंचाई को लेकर चिंता मुक्त हो सकेंगे। भूमिगत जल का संवर्धन हो रहा है और कृषि उत्पादकता बढ़ने की राह प्रशस्त हुई है। जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जनपद महिदपुर में चल रहे इस तरह के कार्य साबित कर रहे हैं कि छोटे-छोटे प्रयास जब जन आंदोलन का रूप लेते है, तो वे बड़े बदलाव ला सकते हैं। जल है तो कल है-इस मंत्र को चरितार्थ करते हुए ग्राम मुंडला सोंधिया का यह चेकडेम स्थानीय किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है।

## झांझाखेड़ी में चेकडेम किया निर्माण

**उज्जैन।** जलगंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद खाचरौद की ग्राम पंचायत झांझाखेड़ी में एक और शानदार उपलब्धि हासिल की गई है। 15 वें वित्त आयोग की जनपद स्तर की मद से स्वीकृत 4.5 लाख रुपए की लागत से चेकडेम का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। यह चेकडेम झांझाखेड़ी के छापरा नाले पर, दयाराम के खेत के निकट बनाया गया है। इसकी जल भराव क्षमता 8000 घनमीटर है।

चेकडेम के निर्माण से आसपास के लगभग 50 किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलने वाला है। वर्षा के पानी को रोककर संग्रहित करने से न केवल आसपास के खेतों में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि भूजल स्तर में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। क्षेत्र में मौजूद लगभग 10 कूपों (नलकूपों) के जलस्तर में सुधार आने की उम्मीद है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिन कूपों में गर्मियों में पानी सूख जाता था, अब उनमें बारह महीने पानी बने रहने की संभावना बन गई है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए बोरिंग या टैंकर पर निर्भर रहने की मजबूरी कम होगी और उनकी फसलें पूरे साल सुरक्षित रह सकेंगी। यह चेकडेम न केवल जल संरक्षण का बेहतरीन उदाहरण है, बल्कि जल के सदुपयोग के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है।



## श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**नागदा। श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज महिला मंडल के नवीन सत्र के आरंभ पर आयोजित वार्षिक उत्सव में वरिष्ठ मातृशक्ति सुमित्रा पंड्या को सर्वसम्मति से महिला मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें मंडल के नेतृत्व की बागडोर सौंपते हुए सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।**

नवनियुक्त मीडिया प्रभारी वर्षा मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन अध्यक्ष सुमित्रा पंड्या द्वारा मंगलवार को प्रकाश नगर स्थित समाज की धर्मशाला में बैठक आयोजित कर नवीन सत्र की कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में रेखा शर्मा को उपाध्यक्ष, राशि उपाध्याय को सचिव, सहसचिव शकुंतला एवं कल्पिका मेहता को, अनिता पंड्या एवं टीना व्यास को कोषाध्यक्ष, ज्योति जोशी एवं शारदा व्यास को संगठन मंत्री, अनीता उपाध्याय एवं प्रीति शर्मा को प्रचार मंत्री तथा ममता जोशी एवं राधा शर्मा को सांस्कृतिक सचिव नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी मंत्री के रूप में शारदा व्यास, मधु जोशी को दायित्व सौंपा गया। वहीं मीडिया प्रभारी का दायित्व वर्षा मेहता एवं सीमा व्यास को दिया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सरोज पंड्या, रचना शर्मा, ज्योति उपाध्याय, जयश्री शर्मा, अनु रावल, प्रमिला पंड्या, मनीषा ठाकुर, सीमा पंड्या, वंदना रावल, पलक रावल, रानू दवे, चेतना भारद्वाज एवं उमा पंड्या को नामांकित किया गया। इसके साथ ही निवृत्तमान अध्यक्षा श्रीमती अर्चना दवे सहित निर्मला रावल, वंदना त्रिवेदी, बिंदु दवे, शकुंतला दवे, वंदना व्यास एवं अनिता शर्मा को परामर्शदाता मंडल में सम्मिलित किया गया। अंत में समाज की समस्त महिला शक्ति ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## श्रीमद् भागवत कथा में झूमीं महिलाएं



**उज्जैन।** एमआर 4 रोड स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी में समस्त महिला मंडल द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 29 मार्च से प्रारंभ होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है।

कथा व्यास पं. विवेककृष्ण शास्त्री श्रद्धालुओं को भगवान की लीलाओं का रसपान करा रहे हैं। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रही हैं। कथा के दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए, वहीं समापन के पश्चात प्रसाद का वितरण पूरी कॉलोनी में किया।

आयोजन में बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है, जहां छोटे-छोटे बच्चे भगवान के स्वरूप में सजकर आकर्षक प्रस्तुतियां दे रहे हैं। इसके साथ ही महिलाएं भजन-कीर्तन पर झूमती नजर आ रही हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। महिला मंडल की सदस्याओं ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार और उसकी रक्षा करना है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राप्त 'लाड़ली बहना योजना' की राशि में से आपसी सहयोग (चंदा) कर इस सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और प्रदेश के विकास के लिए प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन का समापन 4 अप्रैल को पूजन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।



## भाजपा महिदपुर नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देशानुसार एवं उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ की सहमति से महिदपुर नगर मंडल अध्यक्ष उमा पाण्डे ने मण्डल कार्यकारणी घोषित की। नवीन कार्यकारणी जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष सतीश यादव, बजेसिंग पंवार, बहादुरसिंह आंजना, निर्भयसिंह भाटी, शरद परमार, वीरेन्द्र नवलखा, मण्डल महामंत्री दिनेश ग्रोवर, निलेश सोलंकी, मण्डल मंत्री प्रदीप पण्ड्या, वीरेन्द्रसिंह, दीपा बामनिया, सोना मालवीय, श्रीपाल राठी, ललिता परमार, कोषाध्यक्ष आरती रावल, सह-कोषाध्यक्ष हरीश बैरागी, कार्यालय मंत्री अर्जुन गरासिया, मण्डल मीडिया प्रभारी अर्जुनसिंह ठाकुर, सह मीडिया प्रभारी सोनू बैरागी, आईटी संयोजक चांदमल माली, आईटी सह-संयोजक विजय चौधरी सहित कार्यसमिति सदस्यो को नियुक्त किया। महिदपुर नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा पर स्वागत करते हुए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजेश धाकड़ एवं नगर मंडल अध्यक्षा उमा पाण्डेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी नवनियुक्तों को बधाई दी। जानकारी मंडल मिडिया प्रभारी अर्जुनसिंह ठाकुर ने दी।

**एक नजर** हाथों में कलश लिए विराजमान हैं अति प्राचीन हनुमान, 11 वेदपाठी ब्राह्मणों ने किया मंत्रोच्चार

## शिप्रा तट पर श्रद्धापूर्वक मनाया हनुमान जन्मोत्सव, विराट हनुमान की हुई महाआरती

**उज्जैन। महाकाल के आंगन और शिप्रा तट किनारे स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मौजूद श्री विराट हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। यहां हाथों में कलश लेकर विराजमान अति प्राचीन हनुमान जी की विशालकाय मूर्ति का आकर्षक श्रृंगार किया गया।**

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, वास्तुविद एवं पुजारी पं. डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला और पं. आर्यन शुक्ला के आचार्यत्व में यह जयंती पर्व संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर में 11 वेद पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में भव्य सुंदरकांड का आयोजन हुआ। श्री विराट हनुमान जी की महाआरती में सतगुरु आश्रम नरसिंहगढ़ के गुरु प्रफुल्ल तोमर, आचार्य नरेंद्र शर्मा और डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला शामिल हुए। इस अवसर पर पं. डॉ. विशाल शुक्ला और पंडित आर्यन शुक्ला ने गुरु श्री प्रफुल्ल तोमर तथा आचार्य नरेंद्र शर्मा का तिलक कर शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

**डमरू यंत्र पर 180 डिग्री घूमता है भगवान राम द्वारा स्थापित शिवलिंग:** श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में स्थित शिवलिंग अति प्राचीन है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्री राम ने अवंतिका आगमन पर स्वयं इसकी स्थापना की थी। इस मंदिर की एक और बड़ी विशेषता यह है कि यहां का शिवलिंग डमरू यंत्र पर 180 डिग्री के कोण पर घूम सकता है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से श्रद्धालु इस चमत्कारिक शिवलिंग के दर्शन हेतु यहां आते हैं। मीडिया से चर्चा करते हुए पंडित डॉ. विशाल शुक्ला ने बताया कि विराट हनुमान जी की मूर्ति अति प्राचीन है और आज मंदिर पर हनुमान जयंती का पर्व पूरे हर्षोल्लास व भक्ति भाव के साथ मनाया गया है।



### अमरता के वरदान से भी जुड़ी है हनुमान जयंती की कथा

हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को वानरराज केसरी और माता अंजना के घर हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए देशभर में इस दिन हनुमान जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन विधिवत पूजा, व्रत और श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन के सभी दुख-दर्द समाप्त हो जाते हैं और सुख-शांति का वास होता है। भक्त उन्हें बजरंगबली, संकटमोचन और अंजनीपुत्र आदि नामों से पूजते हैं। वहीं, शास्त्रों में वर्णित एक अन्य कथा के अनुसार कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी यानी नरक चतुर्दशी के दिन माता सीता ने हनुमान जी को उनकी निस्वार्थ भक्ति और सेवा से प्रसन्न होकर अमरता का वरदान दिया था। इसलिए इस दिन को भी हनुमान जयंती और विजय अभिनंदन महोत्सव के रूप में मनाया जाता है।